<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–16 मार्च 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को लिखा पत्र। लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा व प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए गंभीर चिंतन और आत्मनिरीक्षण का किया आग्रह।
- दो दिवसीय उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा दो हजार पचीस कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न। पहले दिन हुई परीक्षा में प्रश्न पत्र संबंधी मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनाया सख्त रवैया। हैबुचुअल ऑफेंडर्स पर तत्काल पाबंदी लगाने का दिया निर्देश।
- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पीएनजी और एलपीजी दोनों कनेक्शन रखने वाले परिवारों को एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने का दिया निर्देश। प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल आपूर्ति पर लगातार निगरानी जारी।
- प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी जिलों में तेज हवा के साथ हुई बारिश। मुख्यमंत्री ने फसलों की क्षति का आंकलन कर मुआवजा देने का दिया निर्देश।

**********

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को पत्र लिखकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा व प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए गंभीर चिंतन और आत्मनिरीक्षण का आग्रह किया है। पत्र में श्री बिरला ने कुछ सांसदों द्वारा सदन के भीतर बैनर, तख्तियां, पोस्टर प्रदर्शित करने और आपत्तिजनक भाषा के प्रयोग पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति पर हम सभी को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से गंभीरतापूर्वक विचार करना आवश्यक है।

इस बीच, श्री बिरला ने यह भी कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में गहरी आस्था रखते हैं और देश के संसदीय लोकतंत्र के नियमों और परंपराओं में उनका अटूट विश्वास रहा है। उनका यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हें लिखे पत्र के जवाब में आया है।

**********

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा–दो हजार पचीस का दूसरा चरण कल कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। इस दौरान पुलिस भर्ती बोर्ड और प्रशासन की तरफ से परीक्षार्थियों के लिए व्यापक प्रबंध किए गए। एक रिपोर्ट–

**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित ये परीक्षा राज्य के 75 जिलों में दो पालियों में हुई। भर्ती परीक्षा प्रदेश भर में उपनिरीक्षक के चार हजार पांच सौ तैंतालीस पदों के लिये एक हजार नब्बे केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। केंद्रों की सीसीटीवी से मॉनीटरिंग के लिए त्रिस्तरीय कंट्रोल और कमांड सेंटर व्यवस्था की गई थी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फजल इनाम।**

इस बीच, पहले दिन हुई परीक्षा में प्रश्न पत्र संबंधी मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रवैया अपनाया है। श्री योगी ने सभी भर्ती बोर्ड के चेयरपर्सन्स को निर्देश दिया कि किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ और सम्प्रदाय की मर्यादा तथा आस्था के बारे में अमर्यादित टिप्पणी न हो। उन्होंने ऐसे मामलों से जुड़े हैबिचुअल ऑफेंडर्स पर तत्काल पाबंदी लगाने का भी निर्देश दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के महान बलिदान का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश महिलाओं के दृष्टिकोण से पूरी तरह सुरक्षित राज्य बन चुका है।

**उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में अब वहां की बेटियां, वहां की बहनें रात्रि शिफ्ट में भी ऑफिस में भी और कारखानों में कार्य करके सकुशल अपने घर वापस आती हैं। हर भारतीय नारी को इस सुरक्षा की गारंटी और सम्मान की गारंटी मिलनी चाहिए। उसको स्वावलंबन की गारंटी मिलनी चाहिए। यह जौहर श्रद्धांजलि समारोह उसका एक प्रतीक है और उसका आह्वान भी कर रहा है। यह हर भारतीय नारी का अधिकार होना चाहिए।**

**********

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताइस के लिए फास्टैग वार्षिक पास के लागू शुल्क को पचहत्तर रुपये बढ़ाकर तीन हजार पचहत्तर रुपये करने की घोषणा की है। बढ़ा हुआ शुल्क पहली अप्रैल से लागू होगा। ये पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर–व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है।

**********

केन्द्र सरकार ने पद्म पुरस्कार–2027 के लिए नामांकन और अनुशंसाएं आमंत्रित की हैं। गृह मंत्रालय ने बताया कि पुरस्कारों की घोषणा अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। नामांकन और अनुशंसाएं केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी।

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई ने पश्चिम एशियाई क्षेत्र में आज से अगले महीने की दस तारीख तक होने वाली कक्षा बारह की परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। बोर्ड ने बताया है कि पहले स्थगित की गई परीक्षाएं भी रद्द रहेंगी।

**********

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पीएनजी और एलपीजी दोनों तरह के गैस कनेक्शन रखने वाले परिवारों को तत्काल प्रभाव से एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने का निर्देश दिया है। एक रिपोर्ट–

**मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि पीएनजी कनेक्शन रखने वाले किसी भी व्यक्ति को घरेलू एलपीजी कनेक्शन रखने या वितरकों से एलपीजी रिफिल करने की अनुमति नहीं है। मंत्रालय का कहना है कि देशभर में एलपीजी वितरकों के पास गैस आपूर्ति की कोई कमी नहीं है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर भी प्राथमिकता के आधार पर वितरण के लिए राज्य सरकारों को सौंप दिए गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि तेल विपणन कंपनियों द्वारा खुदरा दुकानों पर ईंधन की कमी का कोई मामला सामने नहीं आया है और पेट्रोल तथा डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। मंत्रालय ने लोगों को घबराहट में खरीदारी न करने की सलाह दी है। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

**********

प्रदेश में लोगों को एलपीजी, पेट्रोल और डीजल आपूर्ति पर लगातार निगरानी के साथ–साथ निरीक्षण तथा जमाखोरी के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इन तीनों आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति में आ रही किसी भी समस्या के निराकरण के लिये खाद्य आयुक्त कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके अलावा राज्य के सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किये गये हैं, जो चौबीस घंटे सक्रिय हैं। लखनऊ के जिलापूर्ति अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि वहां आपूर्ति पर विशेष निगरानी के साथ–साथ प्रशासन ने होम डिलिवरी पर भी फोकस किया है।

**प्रयास हो रहा है कि होम डिलिवरी पर फोकस किया जाए क्योंकि जब किसी डिलिवरी प्वाइंट से या लोगों की भीड़ मिलाता है तो उसमें जो हमारे एक्चुअल कस्टमर होते हैं और उस समय काफी दबाव आता है तो उसमें हो सकता है कि जिनको बुकिंग हो गई हो जिनको वो भी लेने का प्रयास हो इसलिए भीड़ लगती है। इस दृष्टि से यह प्रयास किया गया है कि एक दो दिन में होम डिलेवरी कराकर इस पर पूरी तरह से नियंत्रण पाया जा सके।**

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के उन्नीस मार्च को प्रस्तावित अयोध्या दौरे को देखते हुए कई विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों को विशेष पास जारी किए जाएंगे।

**प्रवेश पत्र पर प्रत्येक व्यक्ति का कोड नंबर लिखा मिलेगा। यह प्रवेश पत्र ट्रांसफरेबिल नहीं है। सभी पर नाम भी होगा। मोबाइल फोन के साथ रामजन्मभूमि परिसर में प्रवेश नहीं मिलेगा। किसी के साथ कोई सुरक्षाकर्मी है वो परिसर में प्रवेश नहीं करेंगे। कोई बंदूक लाइसेंस की है तो भी वो लेकर परिसर में नहीं आ पाएंगे। जो सिख बंधु कानूनन जिनको एक छोटी सी कृपाण की अनुमति है, केवल वही गले में रह पाएगी। वह भी सिख समाज के अगर बंधु हैं तो। कौन से गेट से किसको प्रवेश करना है यह एक दो दिन के पश्चात सभी को बताया जाएगा।**

**********

संभल जिले के बहजोई थानाक्षेत्र में कल देर शाम एक बाइक और स्कूटर की आमने सामने से हुई टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। बहजोई से इस्लामनगर रोड पर मिर्जापुर गांव के पास हुए इस हादसे में घायल दो लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

**********

प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी जिलों में कल हुई बारिश से अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। लखनऊ, बरेली, अमरोहा, हापुड़, एटा, अम्बेडकरनगर और श्रावस्ती सहित कई जिलों में कल हल्की बारिश और बूंदाबांदी के साथ तेज हवाएं भी चलीं। मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर आज भी बारिश तथा गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक इस दौरान कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवा चलने की भी संभावना बनी हुई है। विभाग द्वारा प्रदेश के पूर्वी जिलों में कहीं कहीं ओला पड़ने की भी चेतावनी दी गयी है।

इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के पश्चिमी जिलों में हुई वर्षा से फसलों पर पड़े प्रभावों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को फील्ड में रह कर किसानों से संवाद करने और उनकी फसलों के नुकसान का आकलन करने का निर्देश भी दिया है।

**********